आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

राष्ट्रपति मानवाधिकार दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस 2025 और दैनिक आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि मानवाधिकार दिवस एक न्यायपूर्ण, समतावादी और करुणामय समाज की पृष्ठभूमि तैयार करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मानवाधिकार दिवस 1950 से प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कृषि वैज्ञानिकों से प्राकृतिक खेती को बेहतर बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। सोलन ज़िले के नौणी स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने ये बात कही। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है।

दीक्षांत समारोह में कुल 8 सौ 55 उपाधियां भी प्रदान की गईं। इस दौरान भारत सरकार के कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को ऊना ज़िले के हरोली क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं का जायज़ा लिया। उप–मुख्यमंत्री ने बताया कि बीत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है और 15 ट्यूबवैलों का निर्माण तेज़ गति से जारी है। अग्निहोत्री ने कहा कि पोलियां में 50 लाख लीटर क्षमता वाला भंडारण टैंक पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है और ये प्रदेश के बड़े भंडारण टैंकों में से एक है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने कहा है कि राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का उद्देश्य भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और इसके उत्पादन उपयोग व निर्यात को वैश्विक केंद्र बनाना है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि मंत्रालय ने एन.जी.एच.एम. के अंतर्गत परिवहन क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग के लिए पायलट

परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए योजना दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि देश में 10 अलग–अलग रूट पर हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशनों के साथ 37 हाइड्रोजन फ्यूल वाले वाहनों को चलाने के लिए 5 पायलट परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में चंबा ज़िले के भटियात विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करीब एक सौ 25 नई ग्रामीण सड़कों की आवश्यकता है, जिन्हें वर्ष 2027 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटली के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बताया कि जून 2026 तक सिंहुता–लाहड़ू डबल लेन सड़क पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी और राज्य सरकार ने 5 बड़े राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रस्ताव केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय को स्वीकृति के लिए भेजे हैं।

दलाई लामा

तिब्बती बौद्ध गुरू दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने की 36वीं वर्षगांठ पर आज तिब्बती बौद्ध श्रद्धालुओं ने शिमला स्थित तिब्बती स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर केंद्रीय तिब्बती प्रशासन शिमला के मुख्य प्रतिनिधि अधिकारी ल्हागपा त्सेरिंग ने बताया कि बौद्ध गुरू दलाई लामा ने दुनिया को शांति और सच्चाई के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि तिब्बती समुदाय के लोगों के लिए आज गर्व का दिन है, क्योंकि आज ही के दिन 1989 को दलाई लामा को शांति नोबेल पुरस्कार से नवाज़ा गया था।

———————————————————